हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

**Date: 26.06.2024**

## कला संकाय में एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्रा रूबल टॉपर

# प्रदेश में सबसे पहले सीआरएसयू ने किया अंतिम वर्ष का परिणाम घोषित

**वाणिज्य संकाय में राजकीय महाविद्यालय अलेवा की छात्रा ईशा ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कर प्रथम स्थान पाया**



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए वीसी डा. रणपाल। *फोटो : हरिभूमि*

### स्नातक अंतिम वर्ष के टॉपर्स



बीए में प्रथम रही रूबल। बीएससी मेडिकल में प्रथम तनिष्का। बीकॉम में प्रथम रही ईशा। बीकॉम ऑनर्स में प्रथम रही प्राची।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रणपाल सिंह ने बताया कि सभी संकायों के अंतिम वर्ष शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के परिणाम परीक्षा समाप्त होने के 10 दिनों में घोषित कर दिया गया है। इतना जल्दी परीक्षा परिणाम किसी भी विश्वविद्यालय ने जारी नही किया है।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रणपाल सिंह मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा लगातार छात्रहित में निर्णय लिए जा रहे हैं। इसी के चलते प्रदेशभर के सभी विश्वविद्यालयों में सबसे पहले सीआरएसयू ने सभी संकायों के अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं। पिछले साल भी अंतिम वर्ष के सभी संकायों का परीक्षा परिणाम जून माह के अंतिम सप्ताह में घोषित कर दिए गए थे और इस सत्र भी परीक्षा का परिणाम एक सीमित समय में दे कर विश्वविद्यालय ने अपना इतिहास दोहराया है। सभी संकायों में विश्वविद्यालय के अंतिम वर्ष में 5009 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। इनमें से 3094 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। अंतिम वर्ष की परीक्षा परिणाम 62 प्रतिशत रहा है और इस वर्ष भी सभी संकायों में छात्राओं ने ही प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

परीक्षा नियंत्रक डा. निहाल सिंह चाहर ने बताया कि कला संकाय में एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्रा रूबल ने 85.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी संकाय में दूसरे स्थान पर 84.29 प्रतिशत अंक के साथ इशा व 83.79 प्रतिशत अंक के साथ प्रियंका तीसरे स्थान रही है। यह दोनों छात्राएं भी एसडी महिला कॉलेज की छात्राएं हैं। वाणि'य संकाय में राजकीय महाविद्यालय अलेवा की छात्रा ईशा ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कर प्रथम स्थान पाया है। दूसरे स्थान पर 79.94 प्रतिशत अंकों के साथ एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्रा दीपिका बंसल तथा तीसरे स्थान पर 78.75 प्रतिशत अंकों के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा तमन्ना रही है। बीएससी नॉन मेडिकल में 91 प्रतिशत अंकों के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद के प्रियांशु सिंगला प्रथम स्थान पर रहे हैं। दूसरे स्थान पर प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी कॉलेज से 87.41 प्रतिशत अंकों के साथ तन्नू देवी रही। तीसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय जींद से 87.24 अंकों के साथ मोनी रही। बीएससी मेडिकल में भी राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा तनिष्का 88 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही है। दूसरे स्थान पर 88.17 अंकों के साथ प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय से मुस्कान व इसी कॉलेज से 87.83 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर अंशु रही। बीएससी बायोटेक में 77.97 प्रतिशत अंक के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद से अंशु व इसी कालेज से ही दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमशः 75.38 अंकों के साथ रवीना व 74.52 अंक के साथ इशू रही।

अमर उजाला

Date: 26.06.2024

# कला संकाय में छाईं एसडी महिला कॉलेज की छात्राएं

## सीआरएसयू ने अंतिम वर्ष का परिणाम घोषित किया

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने सभी संकायों के शैक्षणिक सत्र 2023-2024 अंतिम वर्ष के परिणाम परीक्षा समाप्त होने के 10 दिनों के अंदर जारी कर दिया। कला संकाय में पहले तीन स्थान पर एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्राएं रहीं। कुलपति डॉ. रणपाल सिंह, कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने इतनी जल्दी परिणाम तैयार करने के लिए परीक्षा शाखा के सभी कर्मचारियों को बधाई दी।



परीक्षा परिणाम की जानकारी देते कुलपति डॉ. रणपाल सिंह व अन्य अधिकारी। संवाद



रुबल। इशा। तनिष्का प्राची। अंशु। प्रियांशु।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. निहाल सिंह चाहर ने बताया कि सभी संकायों में विश्वविद्यालय के अंतिम वर्ष में 5009 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 3094 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम 62 प्रतिशत रहा। इस वर्ष भी सभी संकायों में छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

कला संकाय में एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्रा रूबल ने 85.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विवि में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी संकाय में इसी महाविद्यालय की ईशा ने 84.29 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा प्रियंका ने 83.79 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वाणिज्य संकाय में राजकीय महाविद्यालय अलेवा की छात्रा ईशा ने 81 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर दीपिका बंसल ने 79.94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। दीपिका एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्रा हैं। तीसरे स्थान पर 78.75 प्रतिशत अंक के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा तमन्ना रही।

बीएससी नॉन मेडिकल में 91 प्रतिशत अंक के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद के प्रियांशु सिंगला प्रथम और प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी कॉलेज की छात्रा तन्नू देवी 87.41 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। तीसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय जींद की मोनी 87.24 प्रतिशत अंक से साथ रही।

बीएससी मेडिकल में भी राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा तनिष्का 88 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही। दूसरे स्थान पर 88.17 प्रतिशत अंकों के साथ प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय की मुस्कान व इसी कॉलेज की अंशु 87.83 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही।

बीएससी बायोटेक में 77.97 प्रतिशत अंक के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद से अंशु व इसी कॉलेज से दूसरे स्थान पर 75.38 प्रतिशत अंक के साथ रवीना व तीसरे स्थान पर 74.52 प्रतिशत अंक के साथ इशू रहीं।

पंजाब केसरी

Date: 26.06.2024

# सी.आर.एस.यू. ने 10 दिन में जारी किए अंतिम वर्ष के परिणाम

## हरियाणा के समस्त विश्वविद्यालय में सबसे पहले जारी किया सी.आर.एस.यू. रिजल्ट

जींद, 25 जून (ललित) : सी.आर.एस.यू. ने सभी संकायों के अंतिम वर्ष शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के परिणाम परीक्षा समाप्त होने के 10 दिनों में सोमवार को घोषित कर दिए गए हैं।इतना जल्दी परीक्षा परिणाम जारी करने पर कुलपति डॉ. रणपाल सिंह, कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने परीक्षा शाखा के सभी कर्मचारियों को बधाई दी तथा विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. निहाल सिंह चाहर ने बताया कि पिछले साल भी अंतिम वर्ष के सभी संकायों का परीक्षा परिणाम जून माह के अंतिम सप्ताह में घोषित कर दिए गए थे और इस सत्र भी परीक्षा का परिणाम एक सीमित समय में देकर विश्वविद्यालय ने अपना इतिहास दोहराया है। सभी संकायों में विश्वविद्यालय के अंतिम वर्ष में 5009 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया इनमें से 3094 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। अंतिम वर्ष की परीक्षा परिणाम 62 प्रतिशत रहा है और इस वर्ष भी सभी संकायों में छात्राओं ने ही प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

कला संकाय में रूबल एस.डी. महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्रा ने 85.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी संकाय में दूसरे स्थान पर 84.29 प्रतिशत अंक के साथ इशा व 83.79 प्रतिशत अंक के साथ प्रियंका तीसरे स्थान रही है। ये दोनों भी एस.डी. महिला कॉलेज की छात्राएं हैं।

वाणिज्य संख्या में राजकीय महाविद्यालय अलेवा की छात्रा ईशा ने 81 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया है। दूसरे स्थान पर 79.94 प्रतिशत अंकों के साथ दीपिका बंसल एस.डी. महिला महाविद्यालय नरवाना तथा तीसरे स्थान पर 78.75 प्रतिशत अंकों के साथ तमन्ना राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा रही है।

बी.एससी. नॉन मैडीकल में 91 फीसदी अंकों के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद के प्रियांशु सिंगला प्रथम स्थान पर रहे हैं। दूसरे स्थान पर प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी कॉलेज से 87.41 प्रतिशत अंकों के साथ तन्नू देवी रहीं। तीसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय जींद से 87.24 अंकों के साथ मोनी रहीं।

बी.एससी. मैडीकल में भी राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा तनिष्का 88 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही है। दूसरे स्थान पर 88.17 अंकों के साथ प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय से मुस्कान व इसी कॉलेज से 87.83 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर अंशु रही।

बी.एससी. बायोटैक में 77.97 प्रतिशत अंक के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद से अंशु व इसी कालेज से ही दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमश: 75.38 अंकों के साथ रवीना व 74.52 अंक के साथ इशू रही।

दैनिक जागरण

Date: 26.06.2024

## सीआरएसयू ने घोषित किया अंतिम वर्ष का परिणाम, लड़कियों ने मारी बाजी, 62 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

# कला संकाय में एसडी कालेज की बेटियां छायीं

जागरण संवाददाता, जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने सभी संकायों के अंतिम वर्ष शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के परिणाम परीक्षा समाप्त होने के 10 दिनों में सोमवार को घोषित कर दिए हैं। 5009 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 3094 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वीसी डा. रणपाल सिंह ने प्रदेश के बाकी सभी विश्वविद्यालय से पहले परीक्षा परिणाम जारी करने का दावा किया।

वीसी डा. रणपाल सिंह और रजिस्ट्रार प्रोफेसर लवलीन मोहन ने इतना जल्दी परीक्षा परिणाम जारी करने पर परीक्षा शाखा के सभी कर्मचारियों को बधाई दी। परीक्षा नियंत्रक डा. निहाल सिंह चाहर ने बताया कि पिछले साल भी अंतिम वर्ष के सभी संकायों का परीक्षा परिणाम जून के अंतिम सप्ताह में घोषित कर दिए गए थे और इस सत्र भी परीक्षा का परिणाम एक सीमित समय में देकर विश्वविद्यालय ने अपना इतिहास दोहराया है। अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम 62 प्रतिशत रहा है।



परीक्षा परिणाम को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते वीसी डा. रणपाल सिंह।

### आवेदन के लिए तारीख बढ़ाने की तैयारी

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 जून है। विश्वविद्यालय ने अंडर ग्रेजुएट अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम सोमवार को जारी किया है। ऐसे में ये परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को आवेदन के लिए पर्याप्त समय मिल सके। 7जुलाई तक आवेदन की तिथि बढ़ाने की तैयारी है। प्रो. एसके सिन्हा ने बताया कि आवेदन की तारीख बढ़ाने की प्रक्रिया चल रही है।

### टापर रहे विद्यार्थी





छात्रा अंशु। • सौ. विवि



छात्रा ईशा। • सौ. विवि



छात्रा तनिष्का। • सौ. विवि



छात्रा प्रियांशु। • सौ. विवि



छात्रा रूबल। • सौ. विवि



छात्रा प्राची। • सौ. विवि

कला संकाय में एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्रा रूबल ने 85.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पहले, दूसरे स्थान पर इसी महाविद्यालय की छात्रा ईशा 84.29 प्रतिशत अंक के साथ और 83.79 प्रतिशत अंक के साथ प्रियंका तीसरे स्थान रही। वाणिज्य संकाय में राजकीय महाविद्यालय अलेवा की छात्रा ईशा ने 81 प्रतिशत अंक के साथ पहला, 79.94 प्रतिशत अंकों के साथ एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्रा दीपिका बंसल ने दूसरा और 78.75 प्रतिशत लेकर राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा तमन्ना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बीएससी नान मेडिकल में 91 प्रतिशत अंकों के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद के प्रियांशु सिंगला पहले, प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी महाविद्यालय की छात्रा तन्नु देवी 87.41 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे, राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा मोनी 87.24 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। बीएससी मेडिकल में भी राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा तनिष्का 88 प्रतिशत अंकों के साथ पहले, 88.17 अंकों के साथ प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान दूसरे और इसी महाविद्यालय से अंशु 87.83 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। बीएससी बायोटेक में 77.97 प्रतिशत अंकों के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा अंशु प्रथम व इसी कालेज से ही 75.38 अंकों के साथ रवीना दूसरे व 74.52 अंक के साथ ईशू तृतीय रही।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 26.06.2024

सीआरएसयू • 62 फीसदी रहा परीक्षा परिणाम, 5009 विद्यार्थियों ने दी थी परीक्षा

# 3094 विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण, बीएससी नॉन मेडिकल में 91% अंक लेकर प्रियांशु प्रथम

## कला संकाय में एसडी महिला कॉलेज नरवाना की छात्रा रूबल 85.33 प्रतिशत लेकर प्रथम

भास्कर न्यूज़ | जींद

सीआरएसयू ने सभी संकायों के अंतिम वर्ष शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के परिणाम परीक्षा समाप्त होने के दस दिनों में सोमवार को घोषित कर दिए गए हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान कुलपति डॉ. रणपाल सिंह, रजिस्ट्रार प्रो. लवलीन मोहन व परीक्षा नियंत्रक डॉ. निहाल सिंह चाहर ने बताया कि सभी संकायों में विश्वविद्यालय के अंतिम वर्ष में 5009 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, इनमें से 3094 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए और अंतिम वर्ष की परीक्षा परिणाम 62 प्रतिशत रहा है।

कला संकाय में एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्रा रूबल ने 85.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी संकाय में दूसरे स्थान पर 84.29 प्रतिशत अंक के साथ इशा व 83.79 प्रतिशत अंक के साथ प्रियंका तीसरे स्थान रही है। यह दोनों छात्राएं भी एसडी महिला कॉलेज की हैं। वाणिज्य संकाय में राजकीय महाविद्यालय अलेवा की छात्रा ईशा ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कर प्रथम स्थान पाया है। दूसरे स्थान पर 79.94 प्रतिशत अंकों के साथ एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्रा दीपिका बंसल और तीसरे स्थान पर 78.75 प्रतिशत अंकों के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा तमन्ना रही है।

बीएससी नॉन मेडिकल में 91 प्रतिशत अंकों के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद के प्रियांशु सिंगला प्रथम स्थान पर रहे हैं। दूसरे स्थान पर प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी कॉलेज से 87.41 प्रतिशत अंकों के साथ तन्नू देवी रही। तीसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय जींद से 87.24 अंकों के साथ मोनी रही।



जींद. पत्रकार वार्ता के दौरान बातचीत करते हुए वीसी डॉ. रणपाल सिंह।

### बीएससी मेडिकल में भी राजकीय कॉलेज जींद की छात्रा तनिष्का प्रथम

बीएससी मेडिकल में भी राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा तनिष्का 88 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर 88.17 अंकों के साथ प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय से मुस्कान व इसी कॉलेज से 87.83 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर अंशु रही। बीएससी बायोटेक में 77.97 प्रतिशत अंक के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद से अंशु व इसी कॉलेज से ही दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमश 75.38 अंकों के साथ रवीना व 74.52 अंक के साथ इशू रही।

दैनिक सवेरा टाइम्स
Date: 26.06.2024

# सीआरएसयू ने किया अंतिम वर्ष का परिणाम घोषित

सवेरा न्यूज/नरेंद्र

जींद, 25 जून : सीआरएसयू ने सभी संकायों के अंतिम वर्ष शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के परिणाम परीक्षा समाप्त होने के 10 दिनों में सोमवार को घोषित कर दिए गए हैं। इतना जल्दी परीक्षा परिणाम जारी करने पर कुलपति डा. रणपाल सिंह, कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने परीक्षा शाखा के सभी कर्मचारियों को बधाई दी तथा विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. निहाल सिंह चाहर ने बताया कि पिछले साल भी अंतिम वर्ष के सभी संकायों का परीक्षा परिणाम जून माह के अंतिम सप्ताह में घोषित कर दिए गए थे और इस सत्र भी परीक्षा का परिणाम एक सीमित समय में देकर विश्वविद्यालय ने अपना इतिहास दोहराया है। सभी संकायों में विश्वविद्यालय के अंतिम वर्ष में 5009 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया इनमें से 3094 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। अंतिम वर्ष की परीक्षा परिणाम 62 प्रतिशपत रहा है और इस वर्ष भी सभी संकायों में छात्राओं ने ही प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कला संकाय में रूबल एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्रा ने 85.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी संकाय में दूसरे स्थान पर 84.29 प्रतिशत अंक के साथ इशा व 83.79 प्रतिशत अंक के साथ प्रियंका तीसरे स्थान रही है। यह दोनों छात्राएं भी एसडी महिला कॉलेज की छात्राएं हैं। वाणिज्य संख्या में राजकीय महाविद्यालय अलेवा की छात्रा ईशा ने 81 फीसदी अंक प्राप्त कर कर प्रथम स्थान पाया है दूसरे स्थान पर 79.94 प्रतिशत अंकों के साथ दीपिका बंसल एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना तथा तीसरे स्थान पर 78.75 प्रतिशत अंकों के साथ तमन्ना राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा रही है।



पत्रकारों से बातचीत करते कुलपति।

बीएससी नॉन मेडिकल में 91 फीसदी अंकों के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद के प्रियांशु सिंगला प्रथम स्थान पर रहे हैं। दूसरे स्थान पर प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी कॉलेज से 87.41 प्रतिशत अंकों के साथ तन्नू देवी रही। तीसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय जींद से 87.24 अंकों के साथ मोनी रही। बीएससी मेडिकल में भी राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा तनिष्का 88 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही है। दूसरे स्थान पर 88.17 अंकों के साथ प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय से मुस्कान व इसी कॉलेज से 87.83 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर अंशु रही। बीएससी बायोटेक में 77.97 प्रतिशत अंक के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद से अंशु व इसी कालेज से ही दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमश 75.38 अंकों के साथ रवीना व 74.52 अंक के साथ इशु रही।

INDIA TIMER

Date: 26.06.2024

# परीक्षा परिणाम घोषित करने में जींद विश्वविद्यालय ने हरियाणा भर में मारी बाजी



**परीक्षाओं के 10 दिन बाद ही जारी कर दिया परिणाम : चाहर**

**जींद,ब्यूरो (इंडिया टाइमर):** परीक्षा परिणाम घोषित करने में जींद विश्वविद्यालय ने हरियाणा भर में बाजी मारी है। सीआरएसयू ने सभी संकायों के अंतिम वर्ष शैक्षणिक सत्र 2023 -2024 के परिणाम परीक्षा समाप्त होने के 10 दिनों में सोमवार को घोषित कर दिए हैं। थोड़े से अंतराल में ही परीक्षा परिणाम जारी करने पर कुलपति डॉ. रणपाल सिंह, कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने परीक्षा शाखा के सभी कर्मचारियों पीठ थपथपाई। इस खास उपलब्धि की जानकारी वीसी डॉ. रणपाल सिंह ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में सांझा की। इस अवसर पर प्रो. एसके सिन्हा भी मौजूद थे। परीक्षा नियंत्रक डॉ निहाल सिंह चाहर ने बताया कि पिछले साल भी अंतिम वर्ष के सभी संकायों का परीक्षा परिणाम जून माह के अंतिम सप्ताह में घोषित कर दिए गए थे और इस सत्र भी परीक्षा का परिणाम एक सीमित समय में देकर विश्वविद्यालय ने अपना इतिहास दोहराया है। सभी संकायों में विश्वविद्यालय के अंतिम वर्ष में 5009 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। इनमें से 3094 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। अंतिम वर्ष की परीक्षा परिणाम 62 प्रतिशत रहा है और इस वर्ष भी सभी संकायों में छात्राओं ने ही प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कला संकाय में रूबल एस डी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्रा ने 85.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी संकाय में दूसरे स्थान पर 84.29 प्रतिशत अंक के साथ इशा व 83.79 प्रतिशत अंक के साथ प्रियंका तीसरे स्थान रही है। यह दोनों छात्राएं भी एस डी महिला कॉलेज की छात्राएं हैं। वाणिज्य संख्या में राजकीय महाविद्यालय अलेवा की छात्रा ईशा ने 81 फ़ीसदी अंक प्राप्त कर कर प्रथम स्थान पाया है। दूसरे स्थान पर 79.94 प्रतिशत अंकों के साथ दीपिका बंसल एस डी महिला महाविद्यालय नरवाना तथा तीसरे स्थान पर 78.75 प्रतिशत अंकों के साथ तमन्ना राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा रही है। बीएससी नॉन मेडिकल में 91 फ़ीसदी अंकों के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद के प्रियांशु सिंगला प्रथम स्थान पर रहे हैं। दूसरे स्थान पर प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी कॉलेज से 87.41 प्रतिशत अंकों के साथ तन्नू देवी रही। तीसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय जींद से 87.24 अंकों के साथ मोनी रही। बीएससी मेडिकल में भी राजकीय महाविद्यालय जींद की छात्रा तनिष्का 88त अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही है। दूसरे स्थान पर 88.17 अंकों के साथ प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय से मुस्कान व इसी कॉलेज से 87.83 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर अंशु रही। बीएससी बायोटेक में 77.97 प्रतिशत अंक के साथ राजकीय महाविद्यालय जींद से अंशु व इसी कालेज से ही दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमश 75.38 अंकों के साथ रवीना व 74.52 अंक के साथ इशू रही।